IS/ISO 9001 - 2000

# APM INDUSTRIES LIMITED

910, Chiranjiv Tower, 43, Nehru Place, New Delhi-110019
Phone : (011) 26441015-17 Fax : (011) 26441018
E-mail : delhi@apmindustries.co.in
CIN No. : **L21015RJ1973PLC015819**
Website : www.apmindustries.co.in

**February 03, 2024**

**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai - 400001

**Ref: Scrip Code 523537**
**Sub: Submission of copies of Newspaper Advertisement - Unaudited Financial Results**

Dear Sirs,

Further to our letter dated February 02, 2024, regarding approval of Unaudited Financial Results of the Company for the quarter and nine months ended December 31, 2023. Please find enclosed newspaper advertisements published on February 03, 2024, in compliance with Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, in “Business Standard” (English) and “Business Remedies” (Hindi).

This is for your information and records.

Thanking you,

Yours faithfully,
For **APM Industries Limited**

Neha Goel
Digitally signed by Neha Goel
Date: 2024.02.03 14:38:33 +05'30'

**Neha Goel**
**Company Secretary**

**Encl:- as above**

BUSINESS
## न्यूज़ ब्रीफ

### दी बार एसोसिएशन जयपुर ने किया कवि अमित आजाद का सम्मान



**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रभक्ति पर उत्कृष्ट काव्य पाठ करने पर दी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन शर्मा और महासचिव राजकुमार शर्मा ने जाने-माने कवि अमित आजाद को साफा, शॉल और श्री राम की स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सेशन कोर्ट के अधिवक्ता आशुतोष शर्मा के साथ बहुत सारे कवि सम्मिलित रहे।

### नारायण सेवा संस्थान का दिव्यांगों के लिए तेलंगाना में शिविर 4 को

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** उदयपुर का प्रतिष्ठित एवं राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त एनजीओ नारायण सेवा संस्थान द्वारा तेलंगाना में दिव्यांगों के कल्याणार्थ निःशुल्क विशाल शिविर का आयोजन 4 फरवरी को होगा। संस्थान के मीडिया एवं जनसम्पर्क अधिकारी भगवान प्रसाद गौड़ ने बताया कि ऐसे लोग जिन्होंने किसी हादसे में अपना हाथ-पैर खो देने से अंगविहिन हो गए है उन्हें दिव्यांगता की दुःखभरी जिन्दगी से निकालने के लिए संस्थान निस्वार्थ भाव से जुटा है।

### रोटरी सिटीजन लीग फाइनल S JEE लेजेंड्स ने जीता



**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन द्वारा रोटरी सिटीजन प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 16 टीमों द्वारा पार्टिसिपेट किया गया। फाइनल मैच में S JEE लेजेंड्स ने जीत दर्ज की। इस अवसर पर S JEE टीम के ओनर गिरिराज प्रसाद सोमानी एवं ललिता सोमानी को विनर टीम की ट्रॉफी प्रदान की गई। यह ट्रॉफी उन्हें क्लब के चेयरमैन प्रमोद जैन द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर क्लब के चार्टर प्रेसिडेंट सुधीर जैन गोधा, प्रेसिडेंट राजेश गंगवाल व सेक्रेट्री कमल बर्जात्या एवं क्लब के सभी सम्माननीय सदस्य मौजूद थे। गिरिराज प्रसाद सोमानी ने क्लब के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# कैसा रहा अंतरिम बजटः व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों की राय

### मध्यम वर्ग और एम.एस.एम.ई सेक्टर पर किया फोकस : बाबूलाल गुप्ता



बाबूलाल गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल राजस्थान

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 के लिये अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि रेल के तीन कोरिडोर बनाये जायेंगे। एक के माध्यम से यात्री ट्रेनों के परिचालन में सुधार होगा। दूसरे के माध्यम से मालवाहनक ट्रेनों की गति तेज होगी। रेल-समुद्री मार्ग जोड़ने की बात भी कही गयी है। इस घोषणा से यात्रियों को ट्रेनों की उपलब्धता अधिक होगी। साधारण ट्रेनों में 40 हजार बोगियां जो वन्दे भारत के स्टैण्डर्ड की होगी, लगायी जायेगी। इन सबसे मध्यम वर्ग को और विशेषकर एम.एस.एम.ई को व्यापार वृद्धि में सीधा लाभ मिलेगा। बड़े शहरों में आधुनिक परिवहन की व्यवस्था आज के समय की मांग है और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को सड़कों से बाहर करने की बात भी कही गयी है। भारत के लिये पर्यटन एक बहुत बड़ा उद्योग साबित होने जा रहा है। जिसमें अध्यात्म पर्यटन का बहुत बड़ा योगदान होने जा रहा है। इसके लिये अधिक केन्द्रों का व्यापक विकास केन्द्र द्वारा किये जाने की घोषणा करना प्रशंसनीय है। इससे देशी और विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा। पर्यटक केन्द्रों के विकास के लिये राज्यों को ब्याज मुक्त ऋण देने की घोषणा भी की गयी है।

### बजट में किसानों की आय बढ़ाने की बात कही गयी है, जो प्रशंसनीय : राजेन्द्र कुमार तांबी



राजेन्द्र कुमार तांबी, अतिरिक्त महामंत्री, राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ

केन्द्र सरकार की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 के लिये अंतरिम बजट पेश किया है। बजट में किसानों की आय बढ़ाने की बात कही गयी है, जो प्रशंसनीय है। साथ ही सभी फसलों पर नैनों खाद का इस्तेमाल, यूरिया के दुष्प्रभावों से बचायेगा। भारत को हर वर्ष 1 करोड़ 45 लाख टन खाद्य तेल विदेशों से आयात करना होता है। हमारी मांग रही है कि तिलहन की बुवाई का क्षेत्र बढ़ाया जायें, ताकि देश खाद्य तेल की खपत में आत्मनिर्भर हो सके। इसे इस बजट में शामिल किया है। हम इसकी प्रशंसा करते हैं।

### अंतरिम बजट में हाउसिंग सेक्टर एवं पर्यटन पर विशेष ध्यान दिया गया है : सत्य नारायण चेचानी



सत्य नारायण चेचानी, सचिव, जिला कर सलाहकार संघ, चितौड़गढ

अंतरिम बजट जैसा की माना जा रहा था चुनाव बजट के तौर पर बिल्कुल भी नहीं रहा। वित्तमंत्री द्वारा किसी प्रकार की कोई लोक लुभावन योजना का एलन नहीं किया गया। मध्यम वर्ग आयकर में बड़ी छूट की आकांक्षा कर रहा था, किन्तु प्रत्यक्ष कर की दरों में कोई परिवर्तन नहीं किए गए। हाउसिंग सेक्टर एवं पर्यटन पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह अंतरिम बजट सरकार के पुनः रीपिट होने के आत्मविश्वास को भी दर्शाता है। सरवाईकल कैंसर की टीकाकरण की योजना बच्चियों के स्वास्थ्य के लिए बहुत ही महत्वाकांक्षी है।

### विकसित भारत की ओर इंगित करता यह बजट : डॉ. कुणावत

**बिजनेस रेमेडीज़/उदयपुर।** उदयपुर शहर के वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट डॉ. निर्मल कुनावत का कहना है कि बजट 2024-25 विकसित भारत के मंत्र को लक्ष्य करने वाला एक स्वागत योग्य बजट है। चार केंद्र बिंदु किसान, महिला, युवा और गरीब हैं, जो आने वाले वर्षों को उनके विकास और देश की प्रगति की ओर झुकाते हैं। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के विकास को देश के लिए एक और प्रमुख विकास चालक माना गया है। राज्य सरकारों को पचास-वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण के रूप में पचहत्तर हजार करोड़ रुपये प्रदान करने का प्रस्ताव सुधारों में राज्यों के योगदान को बढ़ाने के उद्देश्य से एक बड़ी घोषणा के रूप में आया है। सभी की अपेक्षाओं के विपरीत, कर दरों में बिल्कुल कोई बदलाव नहीं हुआ और कराधान की नई योजना डिफॉल्ट कर दाखिल करने की योजना बनी हुई है, जिसमें 7 लाख रुपये की आय तक कोई कर नहीं हैं। डॉ. कुणावत ने बताया कि आईटीआर की तेज प्रोसेसिंग से रिफंड चाहने वाले करदाताओं को राहत मिलती है। इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2009-10 तक की अवधि से संबंधित 25,000 रुपये और वित्तीय वर्ष 2010-11 से 2014-15 तक की अवधि से संबंधित 10,000 रुपये तक की छोटी कर मांगों को वापस लेने का निर्णय करदाताओं के साथ-साथ कर सलाहकारों के लिए भी लाभदायक है।



सीए निर्मल कुनावत

## सर्वस्पर्शी,समावेशी और गरीब कल्याण वाला बजट : शिक्षा मंत्री मदन दिलावर

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** राजस्थान के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत केंद्र सरकार के अंतरिम बजट को सर्वस्पर्शी,समावेशी और गरीब कल्याण करने वाला बजट बताते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाला बजट बताया है।

मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि बजट में 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य स्पष्ट नजर आता है। आगामी 5 वर्षो में 2 करोड़ नए प्रधानमंत्री आवास बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे गरीब लोगों का अपना घर बनाने का सपना साकार होगा। अब तक एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाया गया है। अब 3 करोड़ और महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह महिला कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि आयकर की बात की जाए तो वित्त मंत्री ने 10000 तक का 10 साल पुराना टैक्स माफ करने की घोषणा की है। साथ ही आयकर भरने की प्रक्रिया को भी आसान बनाया गया है और रिफंड जारी करने में भी तेजी लाई गई है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि बजट में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने से प्रदूषण पर रोक लगेगी। तीन नए रेल कॉरिडोर बनने से आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। जनसंख्या वृद्धि को लेकर कमेटी बनाने की घोषणा की गई है जो कि वर्तमान परिस्थितियों में अति आवश्यक है।

## अंतरिम बजट, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा : डिप्टी सीएम दिया कुमारी

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** अंतरिम बजट 2024-25 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा लोकसभा में प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया करते हुए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने यह बात कही। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस अंतरिम बजट में भी पिछले 10 वर्षों की भांति देश की अर्थव्यवस्था व आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने पर बल दिया गया है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में



युवाओं, महिलाओं, वंचितों एवं अन्नदाताओं पर विशेष फोकस किया गया हैं। बालिकाओं के लिए एचपीवी वेक्सीनेशन की घोषणा ऐतिहासिक है, इससे महिलाओं में सर्वाइकल केन्सर रोकने में मदद मिलेगी। आयुष्मान भारत योजना का दायरा व्यापक करते हुए इसमें आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी शामिल किया जाना, महिला स शक्तिकरण की दिशा में उठाए गये महत्वपूर्ण कदम है। बजट में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का जो लक्ष्य रखा गया है, वह महिला स शक्ति करण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सक्षम आंगनबाड़ी योजना के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों का अपग्रेड शन किये जाने की घोषणा की गई है। इससे जच्चा-बच्चा का बेहतरीन पोषण सुनिश्चित होगा।

प्रदेश को होगा विशेष फायदा : उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद हर घर सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाने के लिए महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना की घोषणा की थी, जिस पर अब अमल किया जाएगा, इससे राजस्थान के नागरिकों को विशेष फायदा होगा।

दिया कुमारी ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से राजस्थान में असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने प्रदेश को पर्यटन का सिरमौर बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## अंतरिम बजट समावेशी और व्यावहारिक बजट, समृद्ध भारत के लिए रोडमैप तैयार करेगाः सीआईआई उत्तरी क्षेत्र



दीपक जैन, अध्यक्ष, सीआईआई उत्तरी क्षेत्र



माधवकृष्ण सिंघानिया, उपाध्यक्ष, सीआईआई उत्तरी क्षेत्र



अभिनव बांठिया, अध्यक्ष, सीआईआई राजस्थान

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** सीआईआई उत्तरी क्षेत्र के अध्यक्ष और ल्यूमैक्स-डीके जैन समूह के अध्यक्ष दीपक जैन ने कहा कि अंतरिम केंद्रीय बजट 2024 भारत के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण पेश करता है, जिसमें बुनियादी ढांचे, युवा, कृषि, महिलाओं सहित अन्य पर ध्यान केंद्रित किया गया है। सरकार ने 2023-24 के लिए राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 5.8% पर रखते हुए (जो सीआईआई बजट सिफारिशों के अनुरूप है) राजकोषीय विवेक और समेकन के प्रति सराहनीय प्रतिबद्धता दिखाई है।

उन्होंने कहा कि सीआईआई में हमारा मानना है कि वोट ऑन अकाउंट बजट होने के बावजूद, यह बजट बुनियादी ढांचे के विकास, हरित लक्ष्यों को पूरा करने आदि पर ध्यान केंद्रित करने सहित कई मोर्चों पर अच्छा प्रदर्शन करता है और 2047 तक 'विकसित भारत' के लिए एक मजबूत नींव रखता है।

इसी प्रकार सीआईआई उत्तरी क्षेत्र के उपाध्यक्ष और जे.के. सीमेंट लिमिटेड के उप प्रबंध निदेशक और सीईओ माधवकृष्ण सिंघानिया ने कहा कि 2024-25 में बुनियादी ढांचे के निर्माण पर रिकॉर्ड 11.11 ट्रिलियन रुपये खर्च करने के प्रस्ताव के साथ पूंजीगत व्यय पर निरंतर जोर से समग्र आर्थिक उत्पादकता को बढ़ावा देने, निजी निवेश में भीड़ और गुणक प्रभाव के माध्यम से विकास को बढ़ावा देने का मार्ग प्रशस्त होने की उम्मीद है। पीएम गति शक्ति के तहत रेलवे कॉरिडोर कार्यक्रमों का कार्यान्वयन, द्विपक्षीय निवेश संधियों के माध्यम से विदेशी निवेश को बढ़ावा देना, मौजूदा हवाई अड्डों का विस्तार और उड़ान योजना के तहत नए हवाई अड्डों का व्यापक विकास, मेट्रो रेल के माध्यम से शहरी परिवर्तन को बढ़ावा देना आदि जैसी पहल सही दिशा में उठाए गए कदम हैं।

सीआईआई राजस्थान के अध्यक्ष अभिनव बांठिया ने कहा कि आज पेश किया गया अंतरिम बजट सरकार के आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के दृष्टिकोण का प्रतिबिंब है। बजट में अतिरिक्त समर्पित माल ढुलाई गलियारों को विकसित करने, 'सनराइज डोमेन' के लिए ब्याज मुक्त ऋण के लिए एक कोष स्थापित करने, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और अन्य घोषणाओं के बीच स्टार्ट-अप के लिए कर लाभ विस्तार पर ध्यान केंद्रित करने से देश के समग्र आर्थिक विकास में मदद मिलेगी।

## 'श्वेत कुष्ठ रोग में आयुर्वेद की महत्ती उपयोगिता'

**बिजनेस रेमेडीज़/हरिद्वार।** पतंजलि मेलानोग्रिट दवा का अनुसंधान दुनिया के प्रतिष्ठित रिसर्च जर्नल बायोसाइंस रिपोर्ट्स (Bioscience Reports) के कवर पेज पर प्रकाशित। यह रिसर्च जर्नल 100 वर्षो से भी अधिक स्थापित Biochemical Society, UK के अंतर्गत आता है, जो कि जैव विज्ञान तकनीकों को आगे बढ़ाने तथा सरकारी नीतियों से लेकर अकादमिक व्यवस्थाओं को बढ़ावा देने में वैश्विक सकारात्मक भूमिका निभाती है।

पतंजलि योगपीठ से आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि आयुर्वेद में त्वचा के सफेद दाग के लिए पहली बार इतना गहन अनुसन्धान हुआ है, और इसका श्रेय पतंजलि अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों को जाता है। इस अध्ययन में मेलानोग्रिट की चिकित्सकीय क्षमता का आकलन किया गया और पाया कि मेलानोग्रिट त्वचा में सफेद दागों के फैलाव को बेअसर करता है, साथ ही B16F10 कोशिकाएं, जो त्वचा में मेलेनिन का उत्पादन करती हैं, उनमें मेलेनिन की सतत वृद्धि करता है।

विज्ञान की भाषा में कहे तो मेलानोग्रिट, मेलानोजेनेसिस प्रक्रिया के निर्णायक जीन, MITF, TYR और TRP1 की ट्रांसक्रिप्शनल




रूप से वृद्धि करता है; जो कि बढ़ी हुई cellular tyrosinase गतिविधि द्वारा प्रतिबिंबित भी होता है। इन निष्कर्षो से यह पता चला है कि मेलानोग्रिट PERK को कम कर के MITF प्रोटीन स्तर (ट्रांसलेशनल लेवल) को भी बढ़ाता है। आचार्य बालकृष्ण ने यह भी कहा कि जिस रोग का सही

पतंजलि

उपचार दुनिया की दूसरी चिकित्सा पद्धतियों में असंभव है, वह आयुर्वेद में संभव है। जहां पतंजलि पहले से ही श्वेत कुष्ठ रोग से पीड़ित हजारों रोगियों की चिकित्सा वर्षो से करता आ रहा है, वही अब वैज्ञानिक रूप से भी उसके cellular validation को UK और पूरी दुनिया ने स्वीकार कर लिया है।यह पतंजलि के वैज्ञानिकों के पुरुषार्थ और आयुर्वेद के प्रति निरंतर अनुसन्धान का परिणाम है कि आज आयुर्वेद का डंका पूरे विश्व में बज रहा है; और जो रोग असाध्य माने जाते थे, उन रोगों का समाधान आज पतंजलि में समग्र रूप से कर पा रहे हैं। यह सिर्फ पतंजलि की ही नहीं, भारत के असीमित ज्ञान, विज्ञान और अनुसन्धान की विजय पताका है, यह जीत है उस भारत की जो पुरातनकल से भी विश्वगुरु था, वर्तमान में भी विश्वगुरु है और आने वाले अनंत काल तक विश्वगुरु ही रहेगा।

## सुनील अग्रवाल फोर्टी यूथ विंग के अध्यक्ष मनोनीत




**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** फोर्टी संरक्षक सूरजाराम मील व आई. सी. अग्रवाल द्वारा सुनील अग्रवाल को फोर्टी यूथ विंग का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अग्रवाल यूथ विंग की पूर्व कार्यकारिणी में सचिव पद का कार्यभार संभाल रहे थे, जिसका निर्वहन सफलतापूर्वक किया।फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने यूथ विंग अध्यक्ष पद पर सुनील अग्रवाल को पद्नामित करते हुए शुभकामनाएं दी व शीघ्र ही कार्यकारिणी गठन करने का अनुमोदन किया। फोर्टी चीफ सेक्रेटरी गिरधारी लाल खंडेलवाल का कहना है कि फोर्टी की तरह यूथ विंग भी प्रदेश के युवा उद्यमियों का सबसे बड़ा और प्रभावशाली संगठन है। जितना बड़ा यूथ विंग संगठन है, इसके नेतृत्व की उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी भी है। उम्मीद है यूथ विंग अध्यक्ष राजस्थान के युवा उद्यमियों की आवाज बनेंगे। सुनील अग्रवाल ने यूथ विंग अध्यक्ष का कार्यभार संभालते हुए कहा कि यूथ विंग की प्रतिष्ठा को कायम रखते हुए इसके नेटवर्क को जिले से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर लेकर जाने का लक्ष्य है। बजट में प्रस्तुत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन यूथ स्किल डेवलपमेंट की सराहना करते है उनके इस विजन को सजीव रूप देने हेतु फोर्टी यूथ विंग पूर्णतः सहयोग एवं हरसंभव प्रयत्न करेगा। हम सरकार की योजनाओं को युवा उद्यमियों तक पहुंचाएंगे और सरकार से युवा उद्यमियों की समस्याओं का समाधान भी कराने का प्रयास करेंगे। फोर्टी वुमन विंग महासचिव ललिता कुच्छल, संयुक्त सचिव प्रशांत शर्मा और फोर्टी यूथ विंग उपाध्यक्ष अनुराग अग्रवाल ने भी माला और दुपट्टा पहनाकर यूथ विंग अध्यक्ष बनने की बधाई दी। यूथ विंग अध्यक्ष( रमाला ग्रुप) हेल्थकेयर, माइंस और जेम्स-ज्वेलरी इंडस्ट्री से पिछले 20 साल से जुड़े हुए हैं।

### जैन मार्मो इंडस्ट्रीज लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : 47/10, किरणपथ मानसरोवर,जयपुर राजस्थान-302020
कार्य कार्यालयः एनःएच-8, सुखेर, डायमंड पेट्रोल पंप के सामने, उदयपुर-313001 (राज.)
दूरभाषः- 0294-2441666,2441777, ईमेलः- jainmarmo_udr@yahoo.com
CIN:- L14101RJ1981PLC002419, वेबसाइटः- www.jainmarmo.com

**सूचना**

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन 2015 के विनियमन 29 और अन्य लागू प्रावधानों के अनुसार सूचित जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक कंपनी के अन्य बातों के साथ-साथ 31 दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही के अन-अंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने और रिकॉर्ड में लेने के लिए एनएच 8, सुखेर, उदयपुर-राजस्थान 313001 पर स्थित कार्य कार्यालय में शुक्रवार, 9 फरवरी 2024 को आयोजित की जाएगी। यह जानकारी कंपनी की वेबसाइट www.jainmarmo.com पर और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
जैन मार्मो इंडस्ट्रीज लिमिटेड
कृते/-
(हेमलता डांगी)
कंपनी सचिव

दिनांकः 02.02.2024
स्थानः- उदयपुर

### APM INDUSTRIES LIMITED

Regd. Office: SP-147, RIICO Industrial Area, Bhiwadi, Dist. Khairthal, Tijara, Rajasthan-301019
Corporate Office: 910, Chiranjiv Tower-43, Nehru Place, New Delhi - 110019
E-mail: csapmindustriesltd@gmail.com, Website: www.apmindustries.co.in
CIN No.: L21015RJ1973PLC015819, Phone No.: 011-26441015-18

**EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2023**

(Rs. In lakhs except EPS)

| Particulars | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 31.12.2023 | 30.09.2023 | 31.12.2022 | 31.12.2023 | 31.12.2022 | 31.03.2023 |
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| Total Revenue from operations | 7,494 | 8,461 | 8,712 | 23,733 | 28,206 | 36,049 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax and Exceptional items) | 170 | 207 | 670 | 496 | 2,677 | 3,029 |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional items) | 170 | 207 | 670 | 496 | 2,677 | 3,029 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax and Exceptional items | 119 | 139 | 464 | 340 | 1,887 | 2,135 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 117 | 136 | 463 | 333 | 1,883 | 2,125 |
| Equity Share Capital | 432 | 432 | 432 | 432 | 432 | 432 |
| Earnings Per Share of ₹2/- each | | | | | | |
| 1. Basic (₹) | 0.55 | 0.64 | 2.15 | 1.57 | 8.73 | 9.88 |
| 2. Diluted (₹) | 0.55 | 0.64 | 2.15 | 1.57 | 8.73 | 9.88 |

Notes :-
1. The above unaudited financial results were, subjected to limited review by the Statutory Auditors of the Company, reviewed by the Audit Committee and approved and taken on record by the Board of Directors at its Meeting held on February 02, 2024.
2. The above is an extract of the detailed format of Unaudited Financial Results for the quarter and nine months ended December 31, 2023, filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Unaudited Financial Results for the quarter and nine months ended December 31, 2023 along with review report of the Statutory Auditors is available under the investor section of our website at www.apmindustries.co.in and on the website of the stock exchange i.e. www.bseindia.com.

For APM Industries Limited
Rajendra Kumar Rajgarhia
Chairman

Place : New Delhi
Date : 02.02.2024